Urgent

// कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक, राजस्थान–जयपुर //

क्रमांक एफ 15(1)2013/कार्मिक–भर्ती/प्रमुवसं/18677-87 दिनाक 24.12.13

निमित,

संभागीय मुख्य वन संरक्षक
जयपुर/उदयपुर/कोटा/बीकानेर/जोधपुर/अजमेर/भरतपुर ।
मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव उदयपुर/वन्यजीव भरतपुर/वन्यजीव जोधपुर/वन्यजीव कोटा/वन्यजीव जयपुर ।

विषयः– वाहन चालक/सर्वेयर की सीधी भर्ती के संबंध में ।

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख हैं कि विधानसभा चुनाव 2013 की आचार संहिता जारी होने से पूर्व विभाग में वाहन चालक/सर्वेयर की नियुक्ति के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी, किंतु इसका परिणाम आचार संहिता लागू होने के कारण रोक लिया गया था । अब राज्य में विधानसभा चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं । अवशेष प्रकिया को शीघ्रताशीघ्र अधिकतम एक माह की अवधि में सम्पन्न किया जाना हैं । अतः एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता हैं कि आप अविलम्ब इस परीक्षा का परिणाम घोषित करें ।

इस विषय में पूर्व में जारी की गई मार्गदर्शिका में स्पष्ट किया गया था कि Online आवेदन पत्र में वांछित सूचना गलत या अपूर्ण भरने पर आवेदन रद्द किया जावेगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी । इस परीक्षा के लिए समस्त आवेदन पत्र Online प्राप्त किये जाकर Admit card भी Online ही जारी किये गये थे । अतः संभव हैं कि कुछ अपात्र व्यक्तियों द्वारा भी परीक्षा उत्तीर्ण करली गई हो । परिणाम घोषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित अवश्य करलें कि प्रार्थी उनके द्वारा दी गई सूचना के अनुसार पात्र हैं ।

समस्त मुख्य वन संरक्षकगण यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा परिणाम दिनांक 31.12.2013 तक अवश्य ही घोषित कर दिये जावें तथा साक्षात्कार/Trade Test इत्यादि की प्रकियॅा 15 जनवरी 2013 से पूर्व सम्पन्न करली जावें तथा चयनित व्यक्तियों की सूची अधिकतम 20 जनवरी 2014 तक प्रकाशित करदी जावें। साक्षात्कार/ Trade Test परीक्षा तथा अंतिम परिणाम की सूचना संबंधित कार्यालय के नोटिस बोर्ड विभागीय वेबसाईट तथा संबंधित को email/SMS द्वारा भी दी जावें। Trade Test देने वाले अभ्यार्थियों की स्पष्ट videography कराया जाना अनिवार्य हैं । videography इस प्रकार से कराई जावे कि परीक्षार्थी को पहचाना जा सके तथा उसकी Performance का भी स्पष्ट रूप से सत्यापन किया जा सकें । कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही कर मुख्यालय को समय–2 पर सूचना प्रेषित करते रहें ।

भवदीय,

(राहुल कुमार)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एचओएफएफ)
राजस्थान–जयपुर ।